# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 28 मार्च 2026, अंक –246.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"सही दिशा में छोटा कदम भी बड़ी जीत दिलाता है।"
— महात्मा गांधी



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Saturday Prayer

रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे,
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे।

वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की,
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे।

मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक,
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे।

इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ,
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे।

आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम,
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे।

दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार,
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे।

जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय
बिहार...!

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

## सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: मिस्र (Egypt) की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: काहिरा (Cairo)
प्रश्न 2: भारत की प्रथम महिला राज्यपाल कौन थीं?
उत्तर: सरोजिनी नायडू (उत्तर प्रदेश की राज्यपाल बनी थीं)
प्रश्न 3: 'कलमकारी' हस्तशिल्प चित्रकला मुख्य रूप से किस राज्य की है?
उत्तर: आंध्र प्रदेश
प्रश्न 4: 45 और 30 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्या होगा?
उत्तर: 90
प्रश्न 5: बिहार का 'राजकीय वृक्ष' (State Tree) कौन सा है?
उत्तर: पीपल (Peepal)
प्रश्न 6: 'गिर राष्ट्रीय उद्यान' (Gir National Park) किस जानवर के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है?
उत्तर: एशियाई शेर (Asiatic Lion)
प्रश्न 7: परमाणु बम (Atom Bomb) का आविष्कार किसने किया था?
उत्तर: जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर (J. Robert Oppenheimer)
प्रश्न 8: भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद 'समानता के अधिकार' (Right to Equality) से संबंधित है?
उत्तर: अनुच्छेद 14
प्रश्न 9: 'गबन' और 'गोदान' जैसी महान कृतियों के लेखक कौन हैं?
उत्तर: मुंशी प्रेमचंद
प्रश्न 10: मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि (Gland) कौन सी है?
उत्तर: यकृत (Liver)

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

## शब्द - संगम

Hang (हैंग) – लटकाना / टाँगना
Hung (हंग) – लटकाया
Hung (हंग) – लटकाया गया

Mow (मो) – घास काटना
Mowed (मोड) – घास काटी
Mown (मोन) – घास काटी गई

Shrink (श्रिंक) – सिकुड़ना
Shrank (श्रैंक) – सिकुड़ा
Shrunk (श्रंक) – सिकुड़ा हुआ / सिकुड़ गया



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

## English गप-शप

थीम: Simple Conversation (सरल संवाद – 5)

क्या तुम खेलना चाहते हो? – Do you want to play?
हाँ, मुझे खेलना पसंद है। – Yes, I like to play.
हम कौन सा खेल खेलें? – Which game shall we play?
आओ क्रिकेट खेलें। – Let us play cricket.



संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 28 मार्च को 'कला और रंगमंच' के वैश्विक उत्सव के अगले दिन, किस भारतीय महान कलाकार की स्मृति में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: राजा रवि वर्मा (स्मृति दिवस)
व्याख्या: 28 मार्च को महान भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा की विरासत को याद किया जाता है। उन्होंने भारतीय पौराणिक कथाओं और महाकाव्यों के पात्रों को चित्रों के माध्यम से घर-घर पहुँचाया। उनकी कला शैली में भारतीय संवेदनाओं और यूरोपीय तकनीक का अद्भुत संगम मिलता है, जो आज भी कलाकारों के लिए प्रेरणा है।
संदर्भ: ललित कला अकादमी, भारत (2026)।

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला वन्यजीव सफारी' के बाद अब 'अत्याधुनिक पक्षी अस्पताल' बनाने की घोषणा की है? (समसामयिकी)
उत्तर: जमुई
व्याख्या: 'नागी-नकटी' पक्षी अभ्यारण्य की प्रसिद्धि को देखते हुए, मार्च 2026 में जमुई जिले में एक विशेष पक्षी अस्पताल की स्थापना को मंजूरी मिली है। यह प्रवासी पक्षियों के इलाज और संरक्षण के लिए पूर्वी भारत का एक महत्वपूर्ण केंद्र होगा। यह बिहार की 'इको-टूरिज्म' और जैव विविधता संरक्षण की नीति का हिस्सा है।
संदर्भ: पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार (मार्च 2026)।

3. "मत्तविलास प्रहसन" नामक प्रसिद्ध संस्कृत नाटक के रचयिता कौन हैं, जो पल्लव वंश के एक प्रतापी राजा भी थे? (इतिहास)
उत्तर: महेंद्रवर्मन I
व्याख्या: पल्लव राजा महेंद्रवर्मन प्रथम द्वारा रचित यह एक व्यंग्यात्मक नाटक है। इसमें तत्कालीन समाज, धर्म और प्रशासन पर कटाक्ष किया गया है। यह प्राचीन भारतीय साहित्य में राजाओं की विद्वत्ता और कलात्मक अभिरुचि का एक बेजोड़ उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 10 (नए साम्राज्य और राज्य), पृष्ठ 108।

4. पृथ्वी के वायुमंडल की उस सबसे बाहरी परत को क्या कहते हैं जो अंतरिक्ष में विलीन हो जाती है? (पर्यावरण/भूगोल)
उत्तर: बहिर्मंडल (Exosphere)
व्याख्या: यह वायुमंडल की सबसे ऊपरी और पतली परत है। यहाँ हवा बहुत विरल होती है और हीलियम व हाइड्रोजन जैसी हल्की गैसें यहीं से अंतरिक्ष में तैरती रहती हैं। कृत्रिम उपग्रह (Satellites) अक्सर इसी मंडल की विभिन्न कक्षाओं में स्थापित किए जाते हैं।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 भूगोल, अध्याय 4 (वायु), पृष्ठ 23।

5. 'गांधी-इरविन समझौता' (Gandhi-Irwin Pact) किस वर्ष और किस शहर में हस्ताक्षरित हुआ था? (इतिहास)
उत्तर: 1931, दिल्ली
व्याख्या: 5 मार्च 1931 को दिल्ली में महात्मा गांधी और वॉयसराय लॉर्ड इरविन के बीच यह समझौता हुआ। इसके तहत गांधीजी सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित करने और द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने हेतु सहमत हुए। इसे 'दिल्ली पैक्ट' के नाम से भी जाना जाता है, जिसने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी।
संदर्भ: NCERT कक्षा 8 इतिहास, अध्याय 9 (राष्ट्रीय आंदोलन), पृष्ठ 118।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत का वह कौन सा राज्य है जो 'तीन ओर' से बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा से घिरा हुआ है? (भूगोल)
उत्तर: त्रिपुरा
व्याख्या: त्रिपुरा भारत का एक ऐसा उत्तर-पूर्वी राज्य है जिसकी भौगोलिक स्थिति बहुत अनूठी है। यह उत्तर, दक्षिण और पश्चिम—तीनों दिशाओं से बांग्लादेश से घिरा है। केवल पूर्व में इसकी सीमा असम और मिजोरम से मिलती है। यह भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की विविधता का महत्वपूर्ण उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 1 (भारत – आकार और स्थिति), पृष्ठ 6।

7. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में 'नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता' (UCC) का प्रावधान है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 44
व्याख्या: राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के अंतर्गत अनुच्छेद 44 यह निर्देश देता है कि राज्य पूरे भारत में सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक कानून बनाने का प्रयास करेगा। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत कानूनों में एकरूपता लाकर राष्ट्रीय एकता और लैंगिक न्याय को मजबूत करना है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2 (भारतीय संविधान में अधिकार), पृष्ठ 45।

8. किस अधातु (Non-metal) का उपयोग 'रॉकेट ईंधन' में ऑक्सीकारक के रूप में और अस्पतालों में कृत्रिम श्वसन के लिए किया जाता है? (विज्ञान)
उत्तर: ऑक्सीजन (Oxygen)
व्याख्या: ऑक्सीजन एक रंगहीन और गंधहीन गैस है जो जीवन के लिए अनिवार्य है। तरल ऑक्सीजन का उपयोग रॉकेट में ईंधन जलाने के लिए किया जाता है। विज्ञान में यह दहन (Combustion) के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व मानी जाती है, जिसके बिना आग जलना संभव नहीं है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 3 (धातु एवं अधातु)।

9. 'मणिपुरी' शास्त्रीय नृत्य में प्रयुक्त होने वाले बेलनाकार स्कर्ट (Cylindrical Skirt) को क्या कहा जाता है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: कुमिल (Kumil)
व्याख्या: मणिपुरी नृत्य अपनी शालीनता और कोमलता के लिए प्रसिद्ध है। नर्तकियाँ 'कुमिल' नामक एक सख्त, कशीदाकारी वाली लंबी स्कर्ट पहनती हैं, जो नृत्य के दौरान उन्हें एक दिव्य रूप प्रदान करती है। यह नृत्य मुख्य रूप से राधा-कृष्ण की 'रासलीला' पर आधारित होता है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 ललित कला, अध्याय 8 (भारतीय प्रदर्शन कलाएँ)।

10. बिहार के किस जिले में 'विक्रमशिला विश्वविद्यालय' के प्राचीन अवशेष स्थित हैं? (बिहार GK)
उत्तर: भागलपुर
व्याख्या: भागलपुर के अंतिचक गाँव में स्थित विक्रमशिला विश्वविद्यालय पाल वंश के राजा धर्मपाल द्वारा स्थापित किया गया था। यह प्राचीन भारत में बौद्ध शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र था। यहाँ के तिब्बती ग्रंथों के अनुवाद आज भी विश्व भर के विद्वानों के लिए शोध का विषय हैं।
संदर्भ: SCERT बिहार कक्षा 7 इतिहास; बिहार पर्यटन।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (मार्च W4): मस्तिष्क ज्वर (AES/चमकी बुखार) से बचाव हेतु बच्चों को रात में किस स्थिति में सोने नहीं देना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)

उत्तर: खाली पेट

व्याख्या: आपदा कैलेंडर 2026 (मार्च W4) के अनुसार, चमकी बुखार से बचाव के लिए सबसे महत्वपूर्ण सावधानी यह है कि बच्चों को रात में कभी भी खाली पेट न सोने दें। रात में उन्हें मीठा भोजन या गुड़ खिलाना फायदेमंद होता है। सुबह उठते ही यदि बच्चा सुस्त दिखे या उसे तेज बुखार हो, तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए। यह जानकारी 'मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम' के तहत हर छात्र और अभिभावक तक पहुँचाना अनिवार्य है।

संदर्भ: सुरक्षित शनिवार वार्षिक सारणी एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026।

12. एक व्यक्ति अपनी आय का 75% खर्च करता है। यदि उसकी आय 20% बढ़ जाए और वह अपना खर्च भी 10% बढ़ा दे, तो उसकी बचत में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी? (मानसिक योग्यता)

उत्तर: 50%

व्याख्या: माना आय 100 थी, खर्च 75 और बचत 25। नई आय = 120। नया खर्च = 75 + 7.5 = 82.5। नई बचत = 120 - 82.5 = 37.5। बचत में वृद्धि = 37.5 - 25 = 12.5। प्रतिशत वृद्धि = (12.5 / 25) \times 100 = \mathbf{50\%}। यह प्रश्न हाई स्कूल स्तर के छात्रों की प्रतिशत गणना और आर्थिक तर्कशक्ति को पुष्ट करता है।

GK संकलन:-
**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण।



अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

Ascend (असेंड) = Rise (राइज़) = ऊपर उठना
Antonym – Descend (डिसेंड) = नीचे उतरना
Diminish (डिमिनिश) = Decrease (डीक्रीज़) = कम करना
Antonym – Increase (इंक्रीज़) = बढ़ाना
Persist (पर्सिस्ट) = Continue (कंटिन्यू) = डटे रहना / जारी रखना
Antonym – Quit (क्विट) = छोड़ देना
Vanish (वैनिश) = Disappear (डिसअपियर) = गायब हो जाना
Antonym – Appear (अपियर) = प्रकट होना
Conceal (कन्सील) = Hide (हाइड) = छिपाना
Antonym – Reveal (रिवील) = उजागर करना



~: संकलन :~
**राकेश कुमार राव**
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

Prime Minister inaugurates 'Bharat-6G Mission' Research Hub in Bengaluru; target to achieve 100-fold faster connectivity by 2029.
प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में 'भारत-6G मिशन' अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया; 2029 तक 100 गुना तेज़ कनेक्टिविटी हासिल करने का लक्ष्य।

ISRO successfully places 36 satellites of 'OneWeb-India-3' into orbit using LVM-3 rocket; marks 100% success rate in commercial launches.
इसरो ने LVM-3 रॉकेट का उपयोग करके 'वनवेब-इंडिया-3' के 36 उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया; वाणिज्यिक प्रक्षेपणों में 100% सफलता दर दर्ज।

National Council of Educational Research and Training (NCERT) launches 'AI-Tutor' for Class 10 & 12 students to assist in Board Exam preparations.
एनसीईआरटी ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सहायता के लिए कक्षा 10 और 12 के छात्रों के लिए 'एआई-ट्यूटर' लॉन्च किया।

## INTERNATIONAL NEWS

United Nations General Assembly adopts 'Digital Rights Charter' to ensure global internet access and data privacy for all citizens.
संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सभी नागरिकों के लिए वैश्विक इंटरनेट पहुंच और डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु 'डिजिटल अधिकार चार्टर' अपनाया।

BBC Report: World Meteorological Organization (WMO) warns of 1.6°C global warming breach by 2027; calls for urgent fossil fuel phase-out.
बीबीसी रिपोर्ट: विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने 2027 तक 1.6°C ग्लोबल वार्मिंग सीमा टूटने की चेतावनी दी; जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का आह्वान।

WHO announces 'Pandemic Preparedness Fund' of $10 billion to strengthen healthcare infrastructure in Global South.
विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 'ग्लोबल साउथ' में स्वास्थ्य सेवा ढांचे को मजबूत करने के लिए 10 अरब डॉलर के 'महामारी तैयारी कोष' की घोषणा की।

## BIHAR NEWS

**Bihar Government signs MoU with CSIR to establish 'Innovation & Incubation Hub' in Patna for young entrepreneurs.**
**बिहार सरकार ने युवा उद्यमियों के लिए पटना में 'नवाचार और ऊष्मायन केंद्र' (Innovation Hub) स्थापित करने के लिए सीएसआईआर के साथ समझौता किया।**

**SCERT Bihar introduces 'Shikshak Setu' digital platform for real-time training and feedback of 4 lakh state teachers.**
**एससीईआरटी बिहार ने राज्य के 4 लाख शिक्षकों के रीयल-टाइम प्रशिक्षण और फीडबैक के लिए 'शिक्षक सेतु' डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।**

## SPORTS NEWS

**India wins Women's Hockey Asia Cup 2026 title defeating South Korea 2-1 in the final; Savita Punia named 'Goalkeeper of the Tournament'.**
**भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर महिला हॉकी एशिया कप 2026 का खिताब जीता; सविता पुनिया को 'टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' चुना गया।**

**BCCI launches 'Rural Cricket Development Program' to build 50 high-tech training centers in Tier-3 cities and villages.**
**बीसीसीआई ने टियर-3 शहरों और गांवों में 50 हाई-टेक प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिए 'ग्रामीण क्रिकेट विकास कार्यक्रम' शुरू किया।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

## प्रेरक बाल एकांकी

# "सतर्कता ही सुरक्षा"

## (सुरक्षित शनिवार विशेष : मस्तिष्क ज्वर (AES/JE) से बचाव)

🎭 पात्र: शिक्षक, राहुल, सीमा, सोनू, पिंकी

📚 दृश्य – विद्यालय का कक्षा कक्ष (बच्चे बैठे हैं, शिक्षक प्रवेश करते हैं)

शिक्षक: बच्चों, आज सुरक्षित शनिवार है। आज हम एक खतरनाक बीमारी के बारे में जानेंगे—मस्तिष्क ज्वर। इसे AES और JE भी कहा जाता है।

राहुल: सर, AES और JE का मतलब क्या होता है?

शिक्षक: बहुत अच्छा प्रश्न। AES का पूरा नाम है Acute Encephalitis Syndrome. JE का पूरा नाम है Japanese Encephalitis. यह बीमारी मच्छरों और गंदगी के कारण फैलती है और बच्चों के लिए खासतौर पर खतरनाक हो सकती है।

सीमा: सर, इसके लक्षण क्या होते हैं?

शिक्षक: ध्यान से सुनो— तेज बुखार, सिर दर्द, उल्टी, चक्कर आना, बेहोशी या झटके, अगर ये लक्षण दिखें तो बिल्कुल देर नहीं करनी चाहिए।

सोनू: सर, तब हमें क्या करना चाहिए?

शिक्षक (गंभीर स्वर में): सबसे जरूरी बात—

👉 तुरंत नजदीकी डॉक्टर या अस्पताल में जाना चाहिए।

👉 समय पर इलाज ही जीवन बचा सकता है।

👉 झाड़-फूंक या देरी करना बहुत खतरनाक हो सकता है।

पिंकी: सर, इससे बचाव कैसे करें?

शिक्षक: बहुत आसान उपाय हैं— घर और आसपास साफ-सफाई रखें। पानी जमा न होने दें। मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरे कपड़े पहनें। बासी या खुले में रखा खाना न खाएँ

राहुल: सर, हम घर पर क्या कर सकते हैं?

शिक्षक: तुम अपने परिवार और पड़ोसियों को जागरूक कर सकते हो। यही सच्ची समझदारी है।

🙋‍♂️ सभी बच्चे (एक साथ): हम संकल्प लेते हैं कि हम साफ-सफाई रखेंगे, मच्छरों से बचाव करेंगे, और बीमार होने पर तुरंत डॉक्टर से इलाज करवाएँगे।

संदेश : समय पर पहचान, तुरंत इलाज और साफ-सफाई—
यही AES/JE से बचाव की सच्ची कुंजी है।



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## "समावेशी शिक्षा (Inclusive Education) का महत्व"

विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं होता, बल्कि यह ऐसा मंच है जहाँ हर बच्चे को सीखने, बढ़ने और अपनी क्षमता विकसित करने का समान अवसर मिलना चाहिए। समाज में सभी बच्चे एक जैसे नहीं होते—कुछ तेज सीखते हैं, कुछ धीमे; कुछ शारीरिक या मानसिक चुनौतियों का सामना करते हैं, तो कुछ सामाजिक या आर्थिक कारणों से पीछे रह जाते हैं। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था का यह दायित्व बनता है कि वह हर बच्चे को साथ लेकर चले। इसी सोच को समावेशी शिक्षा (Inclusive Education) कहा जाता है।

समावेशी शिक्षा का अर्थ है—ऐसी शिक्षा व्यवस्था जिसमें सभी बच्चे, चाहे वे सामान्य हों या विशेष आवश्यकता वाले (CWSN), एक ही कक्षा में साथ पढ़ें और उन्हें उनकी आवश्यकता के अनुसार सहयोग मिले। इसका उद्देश्य किसी भी बच्चे को अलग करना नहीं, बल्कि उसे मुख्यधारा में शामिल करते हुए उसकी सीखने की जरूरतों को पूरा करना है।

उदाहरण के लिए यदि कक्षा में कोई बच्चा दृष्टिबाधित है, तो उसे बड़े अक्षरों वाली पुस्तक या ब्रेल सामग्री उपलब्ध कराई जा सकती है। यदि कोई बच्चा सुनने में कठिनाई महसूस करता है, तो शिक्षक संकेतों, चित्रों या लिखित निर्देशों का उपयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार यदि कोई बच्चा धीमी गति से सीखता है, तो उसे अतिरिक्त समय और सरल गतिविधियों के माध्यम से समझाया जा सकता है। यह सभी उपाय समावेशी शिक्षा के अंतर्गत आते हैं।

समावेशी शिक्षा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह बच्चों में समानता, सहयोग और सहानुभूति की भावना विकसित करती है। जब बच्चे विभिन्न प्रकार के साथियों के साथ पढ़ते हैं, तो वे एक-दूसरे की जरूरतों को समझते हैं और सहयोग करना सीखते हैं। इससे उनका सामाजिक और भावनात्मक विकास भी होता है।

बिहार के सरकारी विद्यालयों में भी समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। Right to Education Act 2009 के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार मिले, चाहे उसकी परिस्थिति कैसी भी हो। इसके साथ ही विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विभिन्न सुविधाएँ और सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

समावेशी शिक्षा को प्रभावी बनाने में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक को बच्चों की व्यक्तिगत भिन्नताओं को समझना चाहिए और उसी के अनुसार शिक्षण पद्धति अपनानी चाहिए। उन्हें कक्षा का ऐसा वातावरण बनाना चाहिए, जहाँ कोई भी बच्चा उपेक्षित या अलग-थलग महसूस न करे।

अंततः कहा जा सकता है कि समावेशी शिक्षा एक न्यायपूर्ण और संवेदनशील समाज की आधारशिला है। यह सुनिश्चित करती है कि हर बच्चा, चाहे उसकी क्षमता या परिस्थिति कुछ भी हो, शिक्षा का लाभ उठा सके और अपनी पूरी क्षमता तक पहुँच सके। जब विद्यालय इस भावना के साथ कार्य करते हैं, तब शिक्षा वास्तव में सभी के लिए समान और सार्थक बनती है।

.................✍️
मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 20
## "(मैट्रिक के बाद – Mobile Repairing & Hardware Course)"
## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

डिजिटल युग में मोबाइल फोन, स्मार्ट डिवाइस, टैबलेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। लगभग हर व्यक्ति आज स्मार्टफोन पर निर्भर है, जिससे Mobile Repairing & Hardware Course एक अत्यंत व्यावहारिक, कम समय में रोजगार देने वाला और स्व-रोजगार (Self Employment) आधारित कोर्स बन गया है। इस कोर्स में मोबाइल हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, फ्लैशिंग, चिप-लेवल रिपेयरिंग, स्क्रीन/बैटरी बदलना, नेटवर्क समस्या समाधान, डेटा रिकवरी, स्मार्टफोन ट्रबलशूटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

अर्हता: न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण; तकनीकी रुचि, धैर्य और सीखने की इच्छा आवश्यक।

नामांकन प्रक्रिया: अधिकांश संस्थानों में डायरेक्ट एडमिशन/मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलता है। सरकारी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी के लिए Ministry of Skill Development and Entrepreneurship – skillindia.gov.in तथा National Skill Development Corporation – nsdcindia.org उपयोगी पोर्टल हैं, जहाँ कई प्रमाणित कोर्स उपलब्ध हैं।

बिहार के प्रमुख सरकारी/कौशल संस्थान:
Bihar Skill Development Mission (BSDM) – राज्यभर में प्रशिक्षण केंद्र
सरकारी आईटीआई एवं जिला स्तरीय स्किल डेवलपमेंट सेंटर
CSC (Common Service Centre) आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम
कोर्स अवधि: सामान्यतः 3 माह से 1 वर्ष (सर्टिफिकेट/डिप्लोमा के अनुसार)।
रोजगार की संभावना:
मोबाइल सर्विस सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप, अधिकृत ब्रांड सर्विस सेंटर, ई-कॉमर्स सर्विस नेटवर्क या स्वयं की मोबाइल रिपेयरिंग दुकान/स्टार्टअप। प्रारंभिक आय लगभग ₹10,000–25,000 प्रति माह, जबकि अनुभव और ग्राहक बढ़ने पर आय ₹30,000–50,000 या उससे अधिक भी हो सकती है।

आगे के अवसर: एडवांस मोबाइल रिपेयरिंग, लैपटॉप/कंप्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग, CCTV इंस्टॉलेशन, डिजिटल सेवा केंद्र (CSC) खोलना, या मल्टी-डिवाइस सर्विस सेंटर स्थापित करना।

वित्तीय सहायता: कौशल आधारित कोर्स के लिए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएँ उपलब्ध हैं। उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण हेतु बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) का लाभ लिया जा सकता है। छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता के लिए National Scholarship Portal – scholarships.gov.in एक महत्वपूर्ण मंच है।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप कम समय में कौशल सीखकर तुरंत कमाई शुरू करना चाहते हैं, साथ ही भविष्य में अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए अत्यंत लाभकारी और आत्मनिर्भर बनाने वाला विकल्प सिद्ध हो सकता है।

अगले पत्र में – इंटरमीडिएट के बाद : B.Sc Agriculture। 🌾📘

...........✍️



**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




संपादक:-

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org